# राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

(अस्थाई कार्यालय : महिला छात्रावास भवन, बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय परिसर, अलवर)

☎ **Phone : 0144-2730321, 2730327, 2980046 FAX : 0144-2730321**

**Website : www.rrbmuniv.ac.in**


क्रमांक :– रात्रभमवि / अल / अकादमिक प्रथम / 2021 / 215 दिनांक : 04.2.21

## विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल की दसवीं बैठक दिनांक 03.02.2021 का कार्यवाही विवरण

विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 03.02.2021 को हॉटल लेमन ट्री, शान्तिकुंज, अलवर में माननीय कुलपति महोदय प्रो. जे.पी. यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :–

1. श्री जौहरी लाल मीणा, मा. सदस्य एवं विधायक, लक्ष्मणगढ–राजगढ विधानसभा क्षेत्र।
2. श्रीमती शकुन्तला रावत, मा. सदस्य एवं विधायक, बानसूर विधानसभा क्षेत्र।
3. प्रो. सचिदानन्द शुक्ला, कुलाधिपति नामित माननीय सदस्य।
4. श्री रामचन्द्र सिंह, कुलाधिपति नामित माननीय सदस्य।
5. प्रो. कनिका व्यास, राज्य सरकार द्वारा नामित माननीय सदस्य।
6. डॉ. आर.जी. मीणा, राज्य सरकार द्वारा नामित माननीय सदस्य।
7. डॉ. रितेश शर्मा, राज्य सरकार द्वारा नामित माननीय सदस्य।
8. डॉ. अनिता सोनी, डीन शिक्षा संकाय एवं माननीय सदस्य।
9. श्रीमती ज्योति मीणा, कुलसचिव एवं सदस्य सचिव।

बैठक के प्रारंभ में माननीय अध्यक्ष महोदय ने सदस्यों का स्वागत किया। तदुपरान्त विश्वविद्यालय की उपलब्धियों एवं गतिविधियों की जानकारी करायी। इसके पश्चात निम्न एजेंडा बिन्दुओं पर विचार विमर्श कर निर्णय लिए गए।

**एजेण्डा बिन्दु सं. 01 : प्रबन्ध मण्डल की गत बैठक दिनांक 17.08.2019 की कार्यवाही की पुष्टि।**

**निर्णय** : दिनांक 17.08.2019 को आयोजित प्रबन्ध मण्डल की बैठक की कार्यवाही के विवरण का सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु सं. 02 : अकादमिक परिषद की बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।**

**निर्णय** : सदस्यों द्वारा अकादमिक परिषद की दिनांक 06.01.2021 को आयोजित बैठक के कार्यवाही विवरण का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। ***Annexure – 'A'***

**एजेण्डा बिन्दु सं. 03 : वित्त समिति की बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।**

**निर्णय** : सदस्यों द्वारा वित्त समिति की बैठक के कार्यवाही विवरण का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

***Annexure – 'B'***

**एजेण्डा बिन्दु सं. 04 : दीक्षान्त समारोह आयोजन, इसमें प्रदान की जाने वाली उपाधियों व पदकों के निर्धारण के सम्बन्ध में अकादमिक परिषद की बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।**

**निर्णय** : सदस्यों द्वारा दीक्षान्त समारोह आयोजन, इसमें प्रदान की जाने वाली 31681 उपाधियों, 74 प्रमाण पत्रों, 1 कुलाधिपति पदक, 33 स्वर्ण पदक, 5 रजत पदकों के निर्धारण के सम्बन्ध में अकादमिक परिषद की बैठक के की अनुशंषा का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

दिनांक 03.02.2021 को आयोजित प्रबन्ध मण्डल की बैठक में माननीय सदस्यों द्वारा निम्नानुसार सुझाव प्रस्तुत किये गये :

**कुलाधिपति द्वारा नामित माननीय सदस्य प्रो. सचिदानन्द शुक्ला द्वारा निम्न सुझाव प्रस्तुत किये गये :**

1. अलवर जिले के सांस्कृतिक, पुरातात्विक एवं कला स्थापत्य को ध्यान में रखते हुए ऐसे रोजगारन्मुखी पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय में अकादमिक परिषद के माध्यम से तैयार करवाये जाए जिससे अलवर जिले के युवाओं को लाभ मिल सके।
2. विश्वविद्यालय हेतु आधारभूत संरचनाओं को पूर्ण करते हुए विश्वविद्यालय को नवीन भवन में शिफ्ट करने का कार्य चरणबद्ध रूप से किया जाये।
3. विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्य हेतु डिजीटलाईजेशन का प्रयोग किया जावे जिससे आधुनिक तकनीक का सभी को लाभ मिल सके।
4. विश्वविद्यालय का यूजीसी के Section 12-B में रजिस्ट्रेशन हेतु कम से कम 7 विभागों में कोर्स संचालित किये जाए साथ ही प्रत्येक विभाग हेतु 4–4 सहायक आचार्यो की आवश्यकता होगी, अतः राज्य सरकार से प्रत्येक विभाग में 1–1 और सहायक आचार्य के पद स्वीकृत करवाये की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए।

**राज्य सरकार द्वारा नामित माननीय सदस्य प्रो. कनिका व्यास द्वारा निम्न सुझाव प्रस्तुत किये गये :**

1. विश्वविद्यालय में जब तक स्थाई भर्ती न हो तब तक सेवानिवृत राजकीय कार्मिकों की सेवाएं ली जा सकती है।
2. शोध कार्य हेतु यूजीसी योग्यताधारी व विश्वविद्यालय द्वारा Approved शिक्षको को ही लगाया जाए।

**कुलाधिपति द्वारा नामित माननीय सदस्य श्री रामचन्द्र सिंह द्वारा निम्न सुझाव प्रस्तुत किये गये :**

1. नवीन सत्र प्रारंभ होने से 15 दिन पहले सम्बद्धता आदेश जारी होने चाहिए। जिससे छात्रों व अभिभावको को प्रवेश व परीक्षा सम्बन्धित समस्याएं ना आवे।
2. परीक्षा एवं प्रशासनिक कार्य में अधिक से अधिक आधुनिक तकनीक, सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग किया जाए।

**अध्यक्ष एवं माननीय कुलपति महोदय द्वारा निम्न सुझाव प्रस्तुत किये गये :**

1. विश्वविद्यालय में कुछ जरूरी पद जिनका विवरण नीचे संलग्न किया है, के प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार की स्वीकृति हेतु भेजा जाए।

| क्र. सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | क्र.सं. | पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सम्पदा अधिकारी | 01 | 11 | प्रोग्रामर | 01 |
| 2 | लाइब्रेरियन | 01 | 12 | सूचना सहायक | 02 |
| 3 | सहायक लाइब्रेरियन | 01 | 13 | सहायक लेखाधिकारी | 02 |
| 4 | पुस्तक परिचारक | 02 | 14 | कनिष्ठ लेखाकार | 04 |
| 5 | निदेशक स्पोटर्स | 02 | 15 | जन सम्पर्क अधिकारी | 01 |
| 6 | कोच खेलकूद | 04 | 16 | कनिष्ठ सहायक | 10 |
| 7 | ग्राउण्ड मैन | 04 | 17 | वाहन चालक | 02 |
| 8 | कनिष्ठ तकनीकी सहायक | 02 | | | |
| 9 | उप कुलसचिव | 02 | | | |
| 10 | सहायक कुलसचिव | 04 | | | |

2. विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाता है, अतः लोकप्रिय खेल यथा कुश्ती, हॉकी, बॉस्केटबाल, बैडमिंटन हेतु चार कोच के पदों के प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार की स्वीकृति हेतु भेजा जाए।
3. यदि किसी महाविद्यालय ने सम्बद्धता शुल्क जमा करवा दिया है किन्तु विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता की कार्यवाही यथा निरीक्षण आदि नहीं किया गया है एवं एनओसी के अभाव में अथवा अन्य किसी कारणवश निरीक्षण से पूर्व महाविद्यालय सम्बद्धता शुल्क वापसी हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करता है तो 10 प्रतिशत प्रोसेसिंग शुल्क की राशि काटकर सम्बद्धता शुल्क वापसी की कार्यवाही की जाएगी।
4. श्री जौहरी लाल मीणा, माननीय सदस्य एवं विधायक ने कोरोना के कारण विद्यार्थियों को शिक्षण में हुई हानि के प्रति चिंता व्यक्त की। जिसके मद्देनजर माननीय कुलपति महोदय ने छात्रों को शिक्षण की भरपाई हेतु महाविद्यालयों को निर्देशित करने हेतु कहा जिसमें महाविद्यालय कोराना गाइडलाईन्स का पालन करते हुए शिक्षण कार्य को प्रभावी तरीके से पूर्ण करते हुए छात्रों की समस्याओं के समाधान हेतु कार्ययोजना तैयार करें।

अंत में माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक सम्पन्न की गई।

**कुलपति**

कुलपति
राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय
अलवर

**कुलसचिव**

कुल सचिव
राज ऋषि भर्तृहरि
मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर